प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

000

31.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में कल होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए खुलेआम चुनाव प्रचार थम गया है और इसके बाद राजनीतिक दलों के उम्मीदवार व समर्थक आज डोर टू डोर प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश में 4 लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है। मतदान कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि मतदान के लिए प्रदेश भर में 7 हज़ार 9 सौ 92 केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 3 सौ 69 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक एक सौ 18 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। प्रदेश में मतदान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

'टशीगंग'

लाहौल–स्पीति जिले के 15 हजार 2 सौ 56 फुट की ऊंचाई पर स्थित विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र 'टशीगंग' में चुनाव तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में चुनावों के लिए तैनात सभी 92 मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी राहुल जैन ने कहा कि हर बार इस स्टेशन पर 100 प्रतिशत वोटिंग होती है इस बार भी 100 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि टशीगंग मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि कल जिले में हल्की बर्फवारी होने से यहां अभी भी तापमान शून्य डिग्री सैल्सियस से नीचे चल रहा है और निर्वाचन आयोग के लिए यहां मतदान कराना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। टशीगंग मतदान केंद्र परकुल 62 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे जिनमें 37 पुरूष और 25 महिला मतदाता शामिल हैं।

पोलिंग पार्टियां

राज्य निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने कल शिमला में बताया कि प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में 6 हजार 5 सौ 89 पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना कर दी गई हैं और शेष 1 हजार 403 पोलिंग पार्टियों को आज रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चम्बा जिला के भरमौर विधानसभा क्षेत्र के मैहला खण्ड में पोलिंग पार्टी 15 किलोमीटर, वहीं कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 'चक्की' मतदान केन्द्र में पोलिंग पार्टी 13 किलोमीटर पैदल चलकर अपने गंतव्य स्थल तक पहुंची। इसके अलावा 'बड़ा–भंगाल' के लिए पोलिंग पार्टी को ई वी एम व अन्य सामग्री के साथ हेलिकॉप्टर से रवाना किया गया।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कल सायं चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होते ही सुरक्षा कर्मियों ने धर्मशाला में फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त होकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, और स्वतंत्र व सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों को भी गंतव्य स्थल के लिए रवाना कर दिया है। एस पी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। इसके साथ ही संवेदनशील पोलिंग बूथ पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी स्तर पर निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित न हो सके।

आग

प्रदेश में भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच वनों में आग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन घटनाओं में वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। प्रधान मुख्य वन सरंक्षक राजीव कुमार ने बताया कि इस सीजन में ऐसी घटनाओं की संख्या अब तक 11 सौ का आंकड़ा पार कर चुकी है। उन्होंने बताया कि शुरूआती अनुमान के अनुसार आग की घटनाओं से 3 करोड़ से अधिक की वन संपदा को नुक्सान हुआ है। इन आग की घटनाओं में प्रदेश की 10 हजार हैक्टेयर वन भूमि प्रभावित हुई है। इधर राजधानी शिमला के साथ लगते तारादेवी और समरहिल के वनों में भी आग लगने की घटना के कारण शिमला–कालका रेल मार्ग पर चलने वाली सभी ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। सड़क न होने के कारण आग प्रभावित क्षेत्र तक अग्निशमन की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। ऐसे में विभाग के कर्मचारी ही आग बुझाने में जुटे हुए हैं।

तंबाकू निषेध दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना और इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस मौके पर नशे की बुराई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए देश सहित प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने चुनाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **हिमाचल में थमा चुनावी शोर, आज डोर टू डोर प्रचार। दैनिक जागरण ने लिखा है चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दलों ने झोंकी ताकत, मतदान कल। पंजाब केसरी** का कहना है **कि हिमाचल मे 57 लाख 11 हजार मतदाता करेंगे 62 प्रत्याशियों का फैसला। दिव्य हिमाचल** के अनुसार **थमा चुनावी प्रचार, कल पड़ेंगे वोट। हिमाचल दस्तक** के अनुसार **थम गया चुनावी प्रचार, मतदान कल, सुबह 7 बजे से शुरू होगी वोटिंग।**

दैनिक जागरण ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हवाले से लिखा है **70 साल में जो नहीं हो पाया वह अनुराग ने पांच वर्ष में किया। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **प्रियंका के रोड शो ने भरा जोश, सोलन में कांग्रेस महासचिव की झलक पाने को उमड़े शहर के लोग।**

मौसम की खबर को **आपका फैसला** ने शीर्षक दिया है **रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच राजधानी शिमला में बरसी राहत की फुहारें। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **बारिश से शिमला कूल—तप रहे मैदान, 5 जून तक बारिश संभव।**

मंडी में सड़क हादसा, 500 मीटर गहरे नाले में गिरी कार, तीन की मौत आपका फैसला की एक खबर है।